Publication: Jansatta
Date:07/08/2015
Edition: Kolkata,Durgapur
Page No:2
Headline:TCS IT Wiz 2015

टीसीएस का आईटी विज-2015

कोलकाता, 6 अगस्त (जनसत्ता)। भारत की सबसे बड़ी अंतर-स्कूल क्वीज प्रतियोगिता यानी टीसीएस आईटी विज-2015 के कोलकाता एडिशन का आयोजन आगामी 21 अगस्त को शहर के कलामंदिर प्रेक्षागृह में होगा। इसके लिए अपनी प्रविष्टियां 19 अगस्त से पहले दाखिल करनी होगी। इस बारे में वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट टीसीएसआईटीविज डॉट कॉम के जरिए पंजीयन कराया जा सकता है। मालूम हो कि टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से आयोजित यह आईटी विज प्रतियोगिता कोलकाता के अलावा भारत के 15 लोकेशन यानी अमदाबाद, बंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे, विशाखापत्तनम, कोच्चि व कोयंबटूर आदि शहरों में आयोजित होता है। विशाखापत्तम में इस वर्ष पहली दफा यह प्रतियोगिता आयोजित होगी।